# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 22.05.2025

## थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, उसके पास से अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद

थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु०अ०स० 30/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 अभियुक्त राजू उर्फ उस्मान उर्फ नाटे पुत्र जुम्मन अली निवासी ग्राम करौरा थाना मछली शहर जनपद जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 22.05.2025 को गोबर गली थाना क्षेत्र कोतवाली से गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। साक्ष्य संकलन के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 87/ 65(1) बी0एन0एस0 व 5/ 6 पॉक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियक्त का विवरण-**

राजू उर्फ उस्मान उर्फ नाटे पुत्र जुम्मन अली निवासी ग्राम करौरा थाना मछली शहर जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु०अ०स०-30/2025 धारा 137(2)/87/65(1) बी0एन0एस0 व 5/6 पॉक्सो अधिनियम थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 अमन गोंड, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

2. उ0नि0 बनवारी लाल, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. म0उ0नि0 निमिषा चौधरी, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 नीरज यादव, थाना खुल्दाबाद कमिश्नरेट प्रयागराज।

## हत्या का प्रयास करने के अभियोग का 01 वांछित अभियुक्त थाना खीरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार

थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से सम्बन्धित मु0अ0सं0 63/25 धारा 115(2)/191(2)/191(3) /333/351(2)/109(1) बीएनएस का 01 वांछित अभियुक्त रामपूजन पाण्डेय पुत्र पारसनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम लेड़ियारी बाजार थाना खीरी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-22.05.2025 को थाना खीरी क्षेत्र के कुडरी तिराहे से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक-17.05.2025 को वादी भूपेन्द्र मिश्रा पुत्र कमलाकान्त मिश्रा निवासी ग्राम लेडियारी थाना खीरी जनपद प्रयागराज द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि विपक्षीगण द्वारा एक मत होकर वादी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। उक्त प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 63/2025 धारा 115(2)/191(2)/191(3)/333/110 बीएनएस बनाम 1.संकल्प सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र स्व0 राजकुमार सिंह 2. प्रखर पुत्र स्व0 राजकुमार सिंह 3. मनीष सिंह पुत्र स्व0 राजकुमार सिंह 4. राहुल पाण्डेय पुत्र भूपनरायण पाण्डेय निवासीगण ग्राम लेड़ियारी थाना खीरी जनपद प्रयागराज 5. शिवपूजन पुत्र पारसनाथ पाण्डेय निवासी अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर धारा 109(1)/351(2) बीएनएस की वृद्धि/बढोत्तरी व धारा 110 बीएनएस का लोप किया गया। घटना वाले दिन से ही सम्बन्धित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था। जिसके क्रम में आज दिनांक 22.05.2025 को मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त रामपूजन पाण्डेय उपरोक्त को थाना क्षेत्र खीरी से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रामपूजन पाण्डेय पुत्र पारसनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम लेड़ियारी बाजार थाना खीरी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 44 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 63/25 धारा 115(2)/191(2)/191(3)/333/351(2)/109(1) बीएनएस थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 जय प्रकाश सिंह थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 आकाश पाण्डेय थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 239/2025 धारा 352/109/131/110/351(2)/115(2) बीएनएस के नामजद अभियुक्तगण 1.शिव कुमार मौर्या पुत्र स्व0 राम लाल मौर्या निवासी ग्राम कयार थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर हाल पता मकान नं0 29/66-76 डभाँव डाड़ी चाका ब्लाक लक्ष्मी पौधशाला के पास थाना नैनी जनपद प्रयागराज 2.आशीष कुमार पुत्र शिव कुमार मौर्या निवासी ग्राम कयार थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर हाल पता मकान नं0 29/66-76 डभाँव डाड़ी चाका ब्लाक लक्ष्मी पौधशाला के पास थाना नैनी जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 22.05.2025 को लक्ष्मी पौधशाला डभाँव से चाका ब्लाक जाने वाली सड़क के किनारे थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2025 को वादी विनोद कुमार शाहू पुत्र कालीचरण शाहू निवासी मकान नं0 29/66/73 डभाँव चाका ब्लाक लक्ष्मी पौधशाला के पास थाना नैनी जनपद प्रयागराज की तहरीरी सूचना बाबत विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर रास्ते से मोटरसाईकिल हटाने के विवाद में वादी,

उसकी पत्नी व पुत्र को जान से मारने की नियत से लोहे की राड से हमला करने, गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने तथा वादी की पत्नी का गंभीर चोट के कारण बेहोश हो जाने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 239/2025 धारा 352/109/131/110/351(2)/115(2) बीएनएस बनाम 1. शिव कुमार मौर्या पुत्र राम अभिलाष मौर्या 2. आशीष कुमार पुत्र शिव कुमार मौर्या 3. शैलेश मौर्या पुत्र स्व0 राम अभिलाष मौर्या के विरूद्ध पंजीकृत हुआ । आज दिनांक-22.05.2025 को घटना के नामजद 02 अभियुक्तों 1.शिव कुमार मौर्या व 2.आशीष कुमार उपरोक्त को थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ पर अभियुक्तगण उपरोक्त ने बताया कि हम लोगों के बीच पुराने बिजली के खंभे को लेकर आपसी विवाद है। दिनांक 21.05.2025 को हम लोगों की मोटरसाइकिल घर के बाहर गली में खड़ी थी। शाम के समय विनोद कुमार साहू आये तथा गुस्से में आकर अपशब्द कहते हुये गाड़ी हटाने के लिये कहने लगे, तब हम लोगों ने आपस में योजना बनाई कि आज इसको अच्छी तरह समझा देते है जो बीच में आयेगा उसे भी अच्छी तरह समझा देगें। उसके बाद हम लोग घर में रखी लोहे की राड लेकर बाहर आये तथा विनोद कुमार साहू के सिर पर पीछे से मारने का प्रयास किये, लेकिन घूम जाने से उसके आंख के ऊपर चोट लग गयी। चोट लगने से वह चिल्लाने लगा तो उसके बीबी व बच्चे आ गये। उन्हें भी हम लोगों ने जान से मारने के नियत से लोहे की राड से प्रहार किया। जिससे उनकी पत्नी व बच्चे को काफी चोट आयी, तथा उनकी पत्नी बेहोश होकर गिर गयी। विनोद साहू व उसके लडके का हम लोग गला पकड़ लिये, इतने में मोहल्ले तथा राहगीर वहाँ आ गये। उनके आने से हम लोग भाग गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. शिव कुमार मौर्या पुत्र स्व0 राम लाल मौर्या निवासी ग्राम कयार थाना सरायख्वाजा जिला जौनपुर हाल पता मकान नं0 29/66-76 डभाँव डाड़ी चाका ब्लाक लक्ष्मी पौधशाला के पास थाना नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 60 वर्ष।
2. आशीष कुमार पुत्र शिव कुमार मौर्या निवासी ग्राम कयार थाना सरायख्वाजा जिला जौनपुर हाल पता मकान नं0 29/66-76 डभाँव डाड़ी चाका ब्लाक लक्ष्मी पौधशाला के पास थाना नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 239/2025 धारा 352/109/131/110/351(2)/115(2)/3(5) बीएनएस थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 उत्कर्ष सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 सुनील कुमार थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 शुभम सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।